## एक नजर

### आम का हरा पेड़ काटने पर रिपोर्ट दर्ज

**कुंवर गांव।** पुलिस ने आम का हरा पेड़ काटने पर लकड़ी भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ कर सीज कर दी। शुक्रवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि पड़ौलिया के जंगल में लकड़ी माफिया ने हरा आम का पेड़ काट दिया है। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लकड़ी माफिया को ट्राली में आम की हरी लकड़ी सहित पकड़ लिया, थाने लाकर लकड़ी लदी ट्रेक्टर ट्राली को सीज कर दिया, लकड़ी माफिया के खिलाफ हरा वृक्ष काटने की धारा में मुकदमा दर्ज किया है । थाना प्रभारी राजेंद्र बहादुर सिंह का कहना है कि हरे वृक्ष काटने पर पूर्णतया रोक है। किसी कीमत हरे वृक्षों का कटान नहीं होने दिया जाएगा । लकड़ी माफिया ने आम का हरा पेड़ काटा था उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### दुकान की दीवार काटकर नगदी व सामान चोरी

**आसफपुर।** फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव बसौमी निवासी योगेश मिश्रा की टोडरपुर मार्ग पर टायर-ट्यूब, मोटर पाट्र्स की दुकान है। गुरुवार शाम वह अपनी दुकान बंद करके घर चले गए। रात में चोरों ने उनकी दुकान में सेंध लगा ली। दुकान में रखे जेनरेटर का अल्टीनेटर, मोटर पाट्र्स, 10 जोड़ी टायर ट्यूब, दस चेन सेट, दो पेटी मोबिल ऑयल, नए औजार, एक कट्टा गेहूं, सोलर पैनल, बैट्री के साथ 3500 रुपये चोरी करके ले गए। शुक्रवार सुबह वह दुकान खोलने गए तो दीवार कटी देखकर वह सन्न रह गए। पुलिस ने मौका मुआयना किया। तहरीर दी है।

# गीतकार डॉ. उर्मिलेश को दी गई संगीतमय श्रद्धांजलि

## बदायूं क्लब में देर रात तक आयोजित किया गया कार्यक्रम, डॉ. उर्मिलेश की रचनाएं संगीतबद्ध कर सुनाईं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय गीतकार डॉ. उर्मिलेश की 19वीं पुण्यतिथि पर बदायूं क्लब में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कलाकारों ने संगीत और सुरों से डॉ. उर्मिलेश के लिख गीत प्रस्तुत करके श्रद्धांजलि दी। सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया।

डॉ. उर्मिलेश जनचेतना समिति की ओर से गुरुवार शाम बदायूं क्लब में कार्यक्रम हुआ। जो देर रात तक चला। जिले के प्रतिभाशाली गायकों ने डॉ. उर्मिलेश के प्रसिद्ध गीत, गजल आदि संगीत के साथ प्रस्तुत कर समां बांध दिया। श्रोताओं ने संगीत संध्या का आनंद लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक विशाल और जिला विकास अधिकारी श्वेतांग पांडेय ने डॉ. उर्मिलेश को श्रद्धांजलि दे शुभारंभ किया। विभाग प्रचारक ने कहा कि उन्होंने युवावस्था में अनेक कवि सम्मेलनों में डॉ. उर्मिलेश की जादुई आवाज सुनी। वह एक श्रेष्ठ कवि और लेखक थे। उन्होंने समाज की हर समस्या को अपने लेखन में उठाया और संवेदनशील लेखन से पूरे विश्व में जिले की अलग पहचान बनी। आज वह सशरीर हमारे बीच नहीं हैं लेकिन अपने कृतित्व से सदैव जीवित हैं। उनकी याद में किए जा रहे कार्यों के लिए उनका परिवार, उनके बेटे डॉ. अक्षत अशेष साधुवाद के पात्र हैं। जिला विकास अधिकारी श्वेतांग पांडेय ने आयोजन की सराहना की। अन्तर्राष्ट्रीय कवयित्री डॉ. सोनरुपा विशाल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद संगीत संध्या शुरू हुई। जिसमें उज्ज्वल वशिष्ठ ने पढ़ा कि तू इन बूढे. दरख्तों की हवाएं साथ रख लेना और यह सच है कि हम थोड़ा कम बोलते हैं।

गायक उस्मान साहिल ने कहा कि तीर थी आंख थी, निशाना था के अलावा जिनकी कुर्बानी वतन की आरती से कम नहीं प्रस्तुत की। कृपा दयाल ने सूना-सूना है सावन तुम्हारे बिना और गायक प्रतोष शर्मा ने फैसला वो भी गलत था और स्वतंत्रता बनी रहे गाकर समां बांध दिया। डॉ. अक्षत अशेष ने गजल बेवजह दिल पे कोई बोझ न भारी रखिए प्रस्तुत की। कलाकार सुधीर निर्झर ने इस तरह रोने से गम और घनेरा होगा गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. सोनरुपा विशाल ने लड़कियां-लड़कियां और अभिषेक अनंत ने उसकी चूड़ी और उसकी बिंदी से प्रस्तुत की। श्यामजी शर्मा ने डॉ. उर्मिलेश के पोलियो जागरण गीत कामना है फूलों में नयी उमंग हो प्रस्तुत किया। वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मंजीत खन्ना एंड ग्रुप की ओर से वाद्ययंत्रों पर संगत दी गयी।


डॉ. उर्मिलेश की पुण्यतिथि पर उनका गीत सुनातीं कवयित्री डॉ. सोनरुपा विशाल। ● अमृत विचार


कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्ष मंजुल शंखधार, सदस्य रजनीश गुप्ता, सतीश चन्द्र मिश्रा, डॉ. रामबहादुर व्यथित, डॉ. सुवेन्द्र माहेश्वरी, रिचा अशेष, प्रदीप शर्मा, राजन मेहंदीरत्ता, नरेश चंद्र शंखधार, रविंद्र मोहन सक्सेना, दीपक सक्सेना, प्रशांत कोहली, परविंदर सिंह दुआ, दिनेश चंद्र वर्मा, संजीव वैश्य उपस्थित रहे। सुमित मिश्रा, रवि भूषण, डॉ. जीवन राम, सत्यम मिश्र, डॉ. सरला चक्रवर्ती, डॉ. वंदना मिश्रा, आलोक पाठक, पुष्पदेव भारद्वाज, विशाल शर्मा, मयंक गुप्ता, अनुज सक्सेना, कमलेश, सीमा रानी, रुपाली वैश्य, कवि कुलदीप अंगार आदि भी शामिल हुए।

● **आयोजकों ने कलाकारों को सम्मानित किया**


संगीत संध्या के बाद सभी कलाकार, डॉ. उर्मिलेश जनचेतना समिति के पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

## बुद्ध पूर्णिमा पर शांति-सुरक्षा के लिए मजिस्ट्रेट नामित

**बदायूं,अमृत विचार :** डीएम मनोज कुमार ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा का पर्व 23 मई को मनाया जायेगा। इस पर्व पर कछला गंगा घाट व अन्य गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसलिए अलग-अलग घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए उप जिलाधिकारियों को नामित किया गया है।

उन्होंने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा पर उप जिला मजिस्ट्रेट सदर सुखलाल प्रसाद वर्मा को कछला घाट की ओर, तहसीलदार सदर सुरेन्द्र कुमार को कछला घाट कासगंज की ओर, नायब तहसीलदार क्षेत्र उझानी तहसील सदर अमित कुमार को कछला पुल पर, उप जिला अधिकारी दातागंज धर्मेन्द कुमार सिंह को अटैना घाट पर, तहसीलदार दातागंज रवीन्द्र प्रताप सिंह को भुण्डी घाट, तथा नायब तहसीलदार तहसील दातागंज सतीश मिश्रा को बेलाडांडी घाट, पर सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था हेतु नामित किया गया है।

ईओ नगर पंचायत कछला घाटों तथा मुख्य मार्गों पर समुचित साफ सफाई व्यवस्था व शीतल पेयजलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, तथा प्रत्येक घाटों के लिए कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करेंगे, तथा दोनों घाटों पर नावों व गोताखोरों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। नायब तहसीलदार उझानी कछला पुल पर ट्रेफिक व्यवस्था देखेंगे।

# जिला अस्पताल में फिजियोथेरेपी शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अब निःशुल्क फिजियोथेरेपी की व्यवस्था कर दी गयी है। मरीजों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

अब तक जिला अस्पताल में फिजियोथेरेपी की व्यवस्था नहीं थी। फिजियोथेरेपी कराने को मरीज बरेली जाते थे। अधिक पैसा खर्च होता था और समय भी बर्बाद होता था। अब यहां जिला अस्पताल में एक एजेंसी द्वारा फिजियोथेरेपी सेंटर खोल दिया गया है।

लोग हाथ-पैरों में दर्द होने पर यहां पर साइकिलिंग करते हैं। घुटनों के दर्द में यहां पर सिकाई की जाती है। यहां हर दिन तमाम मरीज सिकाई कराने या फिर साइकिलिंग करने आते हैं। फिजियोथेरेपी कराने वाले चिकित्सक बलवंत सिंह ने बताया कि इस महीने के प्रथम सप्ताह में यहां पर फिजियोथेरेपी सेवा शुरू कर दी गयी है। इसका कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। इसलिए हर रोज मरीजों की संख्या बढ़ रही है। फिजियोथेरेपी सेंटर पर कई तरह की मशीनें आ गई हैं। साइकलिंग करने वाली मशीन हर समय चलती है। कंधे के दर्द से राहत के लिए बड़ा सा चक्र लगाया गया है जो हाथ से पूरा घुमाया जाता है। इस चक्र को घूमने से पूरा हाथ और कंधे की नसें चलती हैं। जिसके बाद दर्द में राहत मिलती है। डॉ. बलवंत ने बताया कि यहां पर शहर में कहीं भी फिजियोथेरेपी की व्यवस्था नहीं है। यहां अधिकांश मरीज साइकलिंग करने को आते हैं जिससे उन्हें लाभ मिलता है। आज कल लोग घुटनों व पैरों के दर्द से कराह रहे हैं। इसके लिए मरीजों के घुटनों की मशीन द्वारा सिकाई की जाती है। अभी जिले के लोगों को इसकी जानकारी भी नहीं है। कुछ दिनों बाद लोगों को फिजियोथेरेपी सेंटर खुलने की जानकारी हो जाएगी तो यहां लाइन लगनी शुरू हो जाएगी।


फिजियोथेरेपी सेंटर पर घुटनों की सिंकाई कराता मरीज। ● अमृत विचार

● **घुटनों के दर्द के मरीजों को मिल रहा सिंकाई से लाभ**

## ग्रामीण ने छह लाख में भी नहीं बेचा बकरा

**ककराला, अमृत विचार :** ग्राम गभियाई के किसान नगला के रहने वाले किसान संतराम ने एक बकरा पाला है। ककराला निवासी अकमल खान किसी काम से संतराम से मिलने पहुंचे तो बकरे पर उनकी निगाह पड़ गई। उन्होंने संतराम को बताया कि तुम्हारा बकरा बहुत कीमती है। इसके शरीर पर अल्लाह लिखा नजर आ रहा है।

इसके बाद संतराम ने अलापुर के नखासा में ले जा कर बकरे की कीमत लगवाई। खरीददार 6 लाख देने को तैयार हो गए। संतराम ने बकरे को बेचने से इनकार कर दिया।

उसने कहा कि वह मुंबई ले जाकर बकरे को बेचेगा, वहां और अधिक कीमत मिलेगी। फिलहाल बकरे को देखने वालों की भीड़ लगी हुई है।

# दो दिन बंद रहा काम, आज से बनेंगे डीएल


काम बंद होने की वजह से खिड़की के बाहर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार


गेट पर चस्पा जानकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** एआरटीओ कार्यालय में दो दिन तक ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का काम नहीं हो सका। सारथी पोर्टल अपडेट होने की वजह से काम प्रभावित हुआ। कार्यालय के गेट पर सूचना चस्पा होने के बाद भी लोग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने पहुंचे और परेशान होकर लौट गए। शनिवार सुबह 10 बजे तक अपडेट का काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद डीएल बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

गुरुवार सुबह अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय पहुंचे। ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया के कंप्यूटर सिस्टम खोला। सारथी पोर्टल खोला लेकिन उसकी विंडो पर सूचना आई कि 18 मई सुबह 10 बजे तक ड्राइविंग लाइसेंस के लिए सारथी पोर्टल उपलब्ध नहीं है। गुरुवार को कर्मचारियों ने लोगों को समझाकर लौटा दिया। शुक्रवार को भी काम नहीं हुआ। जानकारी न होने की वजह से लोग कार्यालय पहुंचे। लेकिन उन्हें लौटा दिया गया। कार्यालय के डीएल बनवाने संबंधी खिड़की पर सन्नाटा पसरा रहा। एआरटीओ रामवचन गुप्ता ने बताया कि ऊपर से ही पोर्टल के अपडेट होने का काम हुआ है। जिसके चलते काम प्रभावित रहा। शनिवार सुबह कार्यालय समय से ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इन दोनों दिन जिन लोगों का स्लाट बुक था उन लोगों को अगली तारीख मिलेगी।

● **सारथी पोर्टल अपडेट होने के चलते दो दिन नहीं हुई थी डीएल बनाने की प्रक्रिया**

## गन्ने को बीमारी से बचाने के लिए किया दवा का छिड़काव


वनेई गांव में पेड़ी में कीटनाशक का छिड़काव करते किसान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गन्ना विभाग और चीनी मिलों के संयुक्त अभियान के तहत गन्ना की फसल को कीटों से बचाव को दवा का छिड़काव किया जा रहा है। करीमगंज चीनी मिल ने शुक्रवार को वनेई गांव में पेड़ी में पर्णीय छिड़काव कराया। जिससे पेड़ी को निरोग बनाया जा सके। गन्ना विभाग ने किसानों से कहा कि यदि गन्ने का पत्ता पीला पड़ रहा हो तो कीटनाशक का छिड़काव करें।

गन्ना विकास समिति के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार ने कहा कि यदि किसान को लगता है कि गन्ने का पत्ता पीला पड़ रहा है तो उसमें तुरंत कीटनाशक का छिड़काव करें जिससे कीट मर जाएं और गन्ना स्वस्थ हो। किसानों को गन्ने की सहफसली करने पर जोर दिया जा रहा है।

# जागरुकता शिविर में मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित, अधिकार बताए

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा शिक्षा का अधिकार एवं विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज में आयोजित किया गया। शिविर का आरम्भ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिव कुमारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

एलएडीसी कशिश सक्सेना ने शिक्षा के अधिकार एवं उपभोक्ता फोरम के बारे में जानकारी दी। तहसीलदार सदर सुरेन्द्र कुमार ने जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रमाणपत्रों के बारे में बताया। प्रधानाचार्य अल्पना कुमार ने अधिकारों के बारे में छात्राओं को जागरूक किया गया। सत्र न्यायाधीश शिव कुमारी ने बताया कि 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में सूक्ष्म लघु प्रकृति के वादों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते हैं।

इस दौरान इंटरमीडिएट व हाईस्कूल की मेधावी छात्राओं खुशी कश्यप, खुशी यादव, प्रिया राठौर व अन्य को सम्मानित किया गया। शिविर में रवि कुमार, भमरपाल सिंह, संगीता, छवि वैश्य, डॉ. रिहाना, डॉ. सरला रानी, सुमिता गोला, निशात बेगम, जाकिरा नुसरत, प्रियंका शर्मा, पूजा वर्मा, दीप्ति वर्मा, सुनीति यादव, शिखा उपाध्याय, नेहा कुमारी आदि उपस्थित रहे।


मेधावी छात्राओं को सम्मानित करतीं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिव कुमारी।

● **राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया आयोजन**

## दरवाजा लगाने को भाइयों ने दीवार तोड़ी, एफआईआर

**बदायूं,अमृत विचार :** बिसौली क्षेत्र के गांव बाबेपुर निवासी सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक धर्मवीर सिंह ने एसपी देहात को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह तीन भाई हैं। उनके ताऊ श्यामपाल सिंह के दो बेटे भानू सिंह व ब्रजभूषण हैं। ताऊ ने मौत से पहले संपत्ति का बंटवारा किया था। आधा मकान और आधी कोठी ताऊ के हिस्से में जबकि पूर्व की तरफ का मकान और आधी कोठी उनके पिता के हिस्से में आई। वह चंदौसी में रह रहे हैं जबकि गांव में खेतीबाड़ी है। उनके भतीजे शिवकुमार ने फोन किया कि भानु प्रताप ने दरवाजा लगाने के इरादे से उनके घर की दीवार तोड़ दी है। वह भांजे बिल्लू के साथ गांव गए। आरोप है कि भानु प्रताप, ब्रजभूषण, विनय कुमार, गजेंद्र, शिवम, प्रशांत, निशांत कुमार आदि लाठी-डंडे लेकर आ गए। गाली-गलौज करने लगे। पुलिस ने बलवा, गाली-गलौज, धमकाने आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

# पशुओं को ब्रूसेल्ला बीमारी से बचाव को टीकाकरण शुरू


पड़िया को टीका लगाते पशु चिकित्साधिकारी डा. संजीव कुमार भुइयार।

संवाददाता, कुंवर गांव

**अमृत विचार :** पशुओं को ब्रूसेल्ला से बचाव को टीकाकरण शुरू किया गया। यह टीका पशुओं के बच्चों को लगाया जाता है ।

ब्लाक सलारपुर के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार भुइयार ने बताया कि शुक्रवार से चार से आठ महीने तक की पड़िया में ब्रूसेल्ला से बचाव को टीकाकरण शुरू किया गया। इस टीके के लगने से पशु के जवान होने पर गर्भपात नहीं होता है। पूरे ब्लॉक में 6450 पशुओं को टीके लगाने का लक्ष्य मिला है।

# सीएमएस ने कहा-सुरक्षा नहीं तो काम मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में गुरुवार को सीएमएस के साथ अभद्रता के बाद भी यहां पुलिस सुरक्षा नहीं बढ़ाई गयी है। सीएमएस ने सुरक्षा को लेकर एडी हेल्थ को पत्र भी लिखा है। सीएमएस ने कहा है कि यदि सुरक्षा नहीं बढ़ाई जाएगी तो वह काम नहीं कर पाएंगे।

जिला महिला अस्पताल में गुरुवार को ढाई बजे एक गर्भवती महिला को भर्ती कराया गया। आठ महीने की गर्भवती महिला को डाक्टर ने देखा तो ब्लड कम होने की बात सामने आयी। ब्लड की जांच कराने को भी कहा गया। इसी बात पर महिला के पति ने हंगामा कर दिया। महिला के पति ने कहा कि यहां पर कोई व्यवस्था नहीं है। उसे यहां की जांच पर भरोसा नहीं है। इसलिए बाहर से जांच कराएगा। महिला के साथ आए परिजनों ने महिला डाक्टर व अन्य स्टाफ से गाली गलौज शुरू कर दी। हंगामा होने पर पहुंचे सीएमएस डॉ. इंदुकांत वर्मा के साथ भी अभद्रता की गयी। जब मामला ज्यादा बढ़ गया तो अस्पताल स्टाफ एकत्र हो गया जिसके बाद गर्भवती महिला और उसके साथ आए लोग बाहर चले गए। इस घटना के बाद सीएमएस डॉ. इंदु कांत वर्मा ने कोतवाली पहुंच कर महिला के पति व दो अन्य के खिलाफ तहरीर दे दी।

शुक्रवार को जिला महिला अस्पताल में एक भी सिपाही नहीं पहुंचा। एक होमगार्ड ड्यूटी करता था वह भी चुनाव की ड्यूटी में चला गया। इस पर सीएमएस ने एडी हेल्थ पुष्पा पंत को पत्र लिखा है। सीएमएस ने कहा है कि यहां जब तक सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक काम नहीं कर पाएंगे।

● **जिला महिला अस्पताल में हंगामा गाली-गलौज के बाद भी नहीं बढ़ाई गई सुरक्षा**

● **होमगार्ड भी गया चुनाव ड्यूटी में, तीमारदारों-स्टाफ में अक्सर होती है झड़प**

> सुरक्षा की मांग कोतवाली पुलिस से की गयी है। जिला महिला अस्पताल में दो सिपाही लगाए जाएं। मरीजों के साथ आने वाले तीमारदार अक्सर झगड़ा करते हैं। इसलिए सुरक्षा जरूरी है। पहले भी घटनाएं हो चुकी हैं। गुरुवार को हुए हंगामे की सूचना एडी हेल्थ को दे दी गयी है और सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की गयी है।
> -**डॉ. इंदु कांत वर्मा,** सीएमएस जिला महिला अस्पताल

## ककराला रोड पर रात में दौड़ती हैं मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्रालियां

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ककराला रोड पर करीब एक महीने से हर रात को मिट्टी भरे ट्रैक्टर ट्रालियां दौड़ती हैं।

शुक्रवार को सुबह चार बजे शहर के नरऊ बुजुर्ग मोड़ पर लोगों ने ट्रैक्टर ट्रालियों को रोक लिया। लोगों ने कहा कि मिट्टी उड़ने से सड़क के आस पास के घर वालों को भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने हंगामा भी किया। इसके बाद चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गए। उसावां रोड पर भी रात को अवैध रूप से मिट्टी लाई जाती है।



> ककराला रोड पर रात में अवैध खनन की जानकारी नहीं है। रात को टीम के साथ ककराला रोड पर जाएंगे। अन्य क्षेत्रों में भी गश्त की जा रही है। किसी को भी अवैध खनन करने की छूट नहीं दी जाएगी। आज रात को ही इस क्षेत्र में गश्त की जाएगी।
> -**बृज बिहारी प्रसाद,** खनन अधिकारी









# दिल्ली से तारीख करने बरेली आया युवक, बदायूं में फंदे पर मिला शव

## दिल्ली में मजदूरी करता था युवक, बुधवार को तारीख करने आया था

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उझानी क्षेत्र के एक गांव में पेड़ पर युवक का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने युवक की जेब तलाशी तो जेब में एक मोबाइल और आधार कार्ड मिला। युवक की पहचान बरेली के थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव बिहारीपुर जहांगीरपुर निवासी युवक के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि युवक हत्या के मामले में तारीख करने के लिए दिल्ली से बरेली आया था। पुलिस जांच कर रही है।


मृतक सूरज पाल।

शुक्रवार सुबह कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव हजरतगंज निवासी कुंवर राजेश सिंह के खेत में आंवला के पेड़ पर युवक का शव फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की जेब से मिले मोबाइल में पहले वाले नंबर पर फोन किया जो मृतक के भाई के साढ़ू का था। पुलिस के हुलिया बताने और फोटो भेजने पर साढ़ू ने मृतक का नाम बरेली के गांव बिहारीपुर जहांगीरपुर निवासी सूरज पाल पुत्र चेतराम बताया। इसके बाद सूरज पाल के गांव संजरपुर निवासी मामा राजू उर्फ राजेंद्र को जानकारी दी गई। राजू मौके पर पहुंचे। उन्होंने सूरज पाल का शव होने की पुष्टि की। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


बरेली निवासी युवक का शव पेड़ पर लटका मिलने के बाद मौजूद पुलिस और ग्रामीण।

पोस्टमार्टम हाउस पर सूरज पाल के छोटे भाई लाखन पाल ने बताया कि सूरज दिल्ली में रहकर मजदूरी करते थे। उनपर बरेली कोर्ट में हत्या का मुकदमा चल रहा है। वह बुधवार को तारीख करने बरेली आए थे। सूरज पाल ने उसे फोन करके सूचना दी थी कि वह मामा के घर बदायूं आ रहे हैं। बदायूं में उनकी बहन बरी वाला बाइपास पर रहती है लेकिन बुधवार देर शाम तक सूरज पाल न तो मामा और न ही बहन के घर पहुंचे। युवक ने आत्महत्या क्यों की इस बात की जानकारी वह नहीं दे सके। पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन सूरज पाल का शव बरेली ले गए।

- **भाई को फोनकर बदायूं निवासी अपने मामा के घर जाने की बात कही थी**

### शराब के नशे में पत्नी को पीटा फिर फंदा लगाकर दे दी जान

**बदायूं।** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव दबरई निवासी युवक का अपनी पत्नी से विवाद हो गया। उसने पत्नी को पीटा। रात में फंदा लगाकर जान दे दी। दबरई निवासी हिम्मत सिंह (35) पुत्र महाराम सिंह मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार वह कुछ दिनों से शराब पीने का आदी हो गया था। उसकी पत्नी विराध करती तो मारपीट करता था। गुरुवार को हिम्मत सिंह घर आया तो शराब के नशे में धुत था। पत्नी से झगड़ा कर पिटाई लगाने लगा। पत्नी पास में कहीं जाकर छिप गई। इसके बाद हिम्मत सिंह बरामदे में लेट गया। अन्य परिजन घर के बाहर सो रहे थे। सुबह बरामदे के कुंडे में हिम्मत सिंह का शव लटका देख खलबली मच गई। शेखूपुर पुलिस चौकी इंचार्ज राजीव कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। जांच-पड़ताल के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। रिपोर्ट के अनुसार मौत हैंगिंग से हुई।

### प्रत्याशियों की हार-जीत पर शर्त लगाने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** बदायूं लोकसभा सीट से सपा और भाजपा के प्रत्याशियों की हार-जीत पर शर्त लगाने वाले लोगों के खिलाफ गुन्नौर व रजपुरा थाने में मामला दर्ज किया गया है।

गुन्नौर में थाना रजपुरा अंतर्गत गांव पतेई नासिर निवासी विजेंद्र सिंह और नीरेश कुमार के बीच शर्त लगी थी। दोनों ने ई स्टाम्प तैयार कराकर गवाहों के हस्ताक्षर भी कराए थे। अनुबंध पत्र में कहा गया था कि भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य की जीत होती है तो नीरेश कुमार विजेंद्र सिंह को 2.30 लाख रुपये देंगे। सपा प्रत्याशी आदित्यवीर विजयी होते हैं तो विजेंद्र सिंह नीरेश को रुपये देगा। इसके बाद गांव पतेई कायस्थ निवासी संजय लम्बरदार और गांव डूडाबाग निवासी ओमप्रकाश ने शर्त लगाई।

एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने गुन्नौर और रजपुरा थाना पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर रजपुरा पुलिस ने शिकायकर्ता वीरपाल की तहरीर पर सपा और भाजपा प्रत्याशियों की हार-जीत को लेकर शर्त लगाने वाले लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गुन्नौर पुलिस ने भी शर्त लगाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दो और युवकों ने प्रत्याशियों की हार-जीत पर लगाई शर्त

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** आसपास के जिलों के लोगों की नजर भी बदायूं लोकसभा सीट पर लगी है। भाजपा और सपा प्रत्याशी की हार जीत पर शर्तें लग रही हैं। वकीलों और दो युवकों के बाद संभल के दो युवकों ने भाजपा-सपा के उम्मीदवार की जीत-हार पर डेढ़ लाख रुपये की शर्त लगाई है। दोनों के बीच दस रुपये के स्टांप पर अनुबंध किया गया है। अनुबंध पत्र शुक्रवार को वायरल हुआ है। अब तक छह लोगों में 5 लाख 80 हजार रुपये की शर्त लग चुकी है।

संभल के थाना गुन्नौर क्षेत्र के गांव पतेई निवासी संजय लम्बरदार पुत्र मुकेश कुमार और गांव डूडाबाग निवासी ओमप्रकाश पुत्र झंडू के बीच भाजपा और सपा प्रत्याशी की हार जीत पर शर्त लगी है। अनुबंध के अनुसार अगर भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य विजयी होते हैं तो दूसरे पक्ष के ओमप्रकाश उन्हें शर्त के रुपये देंगे। अगर सपा प्रत्याशी आदित्य यादव जीतते हैं तो संजय लम्बरदार, ओमप्रकाश को शर्त की धनराशि देंगे। दोनों पक्ष की सहमति ने उन्होंने अपने दो परिचितों के पास 50-50 हजार रुपये जमा कराए हैं। दोनों पक्ष से कौशेंद्र और रजनेश गवाह बने हैं। बहरहाल संभल के एसपी के आदेश पर इन दोनों लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले चार मई को बदायूं के दो वकीलों दिवाकर वर्मा और सत्येंद्र पाल के बीच दो लाख रुपये और संभल निवासी दो युवकों के बीच 2.3 लाख रुपये की शर्त लग चुकी है।


दोनों युवकों के बीच हार-जीत को लेकर हुआ अनुबंध।

- **संभल के गांव पतेई निवासी संजय और ओमप्रकाश के बीच लगी 1.5 लाख रुपये की शर्त**

### एक नजर

### डीएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**बदायूं।** जिला अधिकारी मनोज कुमार ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर बैरकों, पाकशाला, अस्पताल आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। जिला अधिकारी ने जेल में अन्य अधिकारियों के साथ नियमानुसार निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप बंदियों के समय पूर्व रिहाई के प्रकरणों पर भी विचार विमर्श किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

# रिश्तेदार की बेटियों की बनाई आइडी, कर रहा अभद्र कमेंट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **किशोरियों की मां ने विरोध किया तो पांच-पांच लाख रुपये मांगे**
- **पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, एसएसपी के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :** बरेली निवासी एक युवक ने रिश्तेदार की नाबालिग बेटियों की सोशल साइट पर फर्जी आइडी बनाई जिस पर अभद्र टिप्पणी करने लगा। महिला ने शिकायत की तो पांच-पांच लाख रुपये की मांग की। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

पूर्वी दिल्ली के राधेश्याम पार्क एक्सटन कृष्णा नगर निवासी महिला ने एसएसपी से शिकायत करके बताया कि वर्तमान में वह कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव नेता झुकसा में रह रही है। बरेली के थाना फरीदपुर क्षेत्र के इनायतपुर निवासी सत्यदेव उनका रिश्तेदार है। वह उनके घर पर आता-जाता है। आरोप है कि सत्यदेव ने उनकी नाबालिग बेटियों के नाम से सोशल साइट्स पर फर्जी आइडी बना ली जिनसे भद्दे कमेंट कर रहा है। बेटियों के बताने पर उन्होंने सत्यदेव से विरोध जताया तो उसने पांच-पांच लाख रुपये की मांग की। गाली-गलौज करते हुए भद्दे कमेंट कर जान से मारने की धमकी देता है। महिला ने बताया कि उसकी छवि धूमिल हो रही है। उनकी दोनों बेटियां अवसाद में हैं। महिला ने 3 मई को कोतवाली दातागंज में शिकायत की लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। एसएसपी के आदेश पर पुलिस आरोपी के खिलाफ सूचना प्रोद्यौगिकी संशोधन अधिनियम, धमकाने, वसूली करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### 15 दिन बाद भी किशोरी को बरामद नहीं कर सकी पुलिस

**आसफपुर ,अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी पास के गांव निवासी युवक के साथ पढ़ती थी। युवक का उसके घर पर आना जाना था। दो मई को किशोरी के परिजन खेत पर भूसा लेने गए थे। युवक अपने दो साथियों के साथ किशोरी के घर पर आया था। तीनों किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गए।

किशोरी के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की। परिजनों का आरोप है कि पुलिस आरोपियों को बचा रही है। थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह ने बताया कि किशोरी की बरामदगी के लिए दो उपनिरीक्षक के नेतृत्व में दो टीमें लगाई गई हैं। किशोरी की तलाश में मुरादाबाद में दबिश दी थी लेकिन किशोरी नहीं मिली। जल्द ही किशोरी को बरामद करके आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# गोवंश के शव किए दफन, सिर बाहर तो किसी का शरीर

संवाददाता, विजय नगला

- **वीडियो और फोटो वायरल होने पर मची खलबली, ट्वीट के बाद मौके पर पहुंचे चिकित्सक**
- **गोवंश के शव मिट्टी से बाहर निकालकर जेसीबी से गड्ढा करा दफन कराए**

**अमृत विचार :** गोवंश संरक्षण के लिए गांवों में गोशाला बनवाई गई हैं। प्रशासनिक अधिकारी नजर रखने का दावा करते हैं लेकिन गोवंश की दुर्दशा हो रही है। गोवंश की मौत के बाद शवों को सही से दफन तक नहीं किया जाता। शुक्रवार को विकास क्षेत्र जगत के मोहम्मद नगर सुलरा की गोशाला का वीडियो वायरल हुआ। जिसमें गोवंश के शव का आधा शरीर मिट्टी और आधा बाहर दिख रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद चिकित्सक गांव पहुंचे। शवों को सही से दफन कराया। गोशाला में बीमार गोवंश का इलाज किया।

जिम्मेदारों की अनदेखी की वजह से गोवंश का कोई पुरसाहाल नहीं। मोहम्मद नगर सुलरा स्थित गोशाला में गोवंश की दुर्दशा हो रही है। गोवंश की मौत के बाद गोशाला के संचालक ने गोशाला के पीछे खाली जगह में शव लापरवाही से दफन करा दिए। किसी गोवंश का सिर मिट्टी से बाहर था तो किसी का धड़। गोशाला के पीछे होने की वजह से किसी की नजर नहीं पड़ी। शुक्रवार को किसी ने वीडियो और फोटो लेकर वायरल कर दिए। इसके बाद पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष विकेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री, डीएम को ट्वीट किया। जिसमें लिखा कि घोर लापरवाही, योगी जी की आंखों मे झोंकी जा रही लाल मिर्च पाउडर। गायों से संबंधित विभाग ही खत्म करने मे लगा है गायों को।


गोशाला के पीछे मिट्टी के बाहर दिखता गोवंश का शव। ● अमृत विचार

कुछ ही देर में ग्राम पंचायत सचिव और चिकित्सकों की टीम गांव पहुंच गई। गोवंश के शवों को बाहर निकलवाया। जेसीबी मंगवाकर गहरे गड्ढे कराकर शवों को ठीक से दफन कराया। चिकित्सकों ने गोशाला में गोवंश का मेडिकल परीक्षण किया। पशु चिकित्सक डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि गोवंश का परीक्षण कराकर दवाएं दी गई हैं। गांव की प्रधान रिंकी देवी ने बताया कि कुत्तों ने मिट्टी खोद दी थी। गोवंश के शव बाहर दिखने लगे थे। जो वीडियो वायरल हुआ है वह गोशाला की नहीं हैं।


गोशाला किसी काम की नहीं हैं। छुटा गोवंश से किसान बहुत परेशान हैं। वे फसलों को नष्ट कर रहे हैं। गोवंश को गोशाला में भिजवाएं। इनका इलाज भी कराया जाए।
**- मुन्नालाल**


गोशाला में गायों की स्थिति ठीक नहीं है। वहां गायों के लिए पर्याप्त मात्रा में हरे चारे और भूसा की व्यवस्था नहीं है। जिसकी वजह से गोवंश की मौत हो रही है।
**- धर्मेंद्र**

> किसी ने वीडियो बनाकर वायरल की थी। मौके पर जाकर देखा तो एक गोवंश मृत मिला जिसे सही से दफन कराया गया है। एक गोवंश और था जिसकी मौत नहीं हुई थी। गोवंश का इलाज कराकर प्रधान के सुपुर्द कर दिया। वहां मिले गोवंश गोशाला के नहीं थे। उनके टैग नहीं लगा था। गोशाला लगभग तीन महीने पहले बनी है। उससे पहले लोग गांव के पास ही शव दफन करते थे।
> **- डॉ. विक्रम सिंह,** पशु चिकित्साधिकारी

# सीएचसी पर आग से क्षति का आंकलन करेगी टीम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **गुरुवार शाम लगभग साढ़े सात बजे कादरचौक सीएचसी के दवा स्टोर में लगी आग**
- **सीएमओ ने किया पीएचसी का निरीक्षण, जांच कराकर कार्रवाई करने का निर्देश**

**अमृत विचार :** कादरचौक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर गुरुवार की देर शाम आग से लाखों का नुकसान हुआ है। सीएमओ ने शुक्रवार सुबह स्थिति का जायजा लिया। अग्निकांड से हुए नुकसान को देखा, और पुलिस को सूचना देकर जांच करने को कहा है, साथ ही टीम गठित कर एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं।

कादरचौक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर करीब साढ़े सात बजे स्टोर से आग की लपटें भी उठने लगीं। आस पास के लोगों ने चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार राठौर को सूचना दी। उनके साथ कुछ अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। तब तक आग ने पूरा स्टोर आगोश में ले लिया। लोगों ने आग पर किसी तरह काबू पाया। तब तक अंदर रखा सारा सामान दवाएं, कोल्ड चेन बाक्स, आईस पैड, फ्रीजर, प्लास्टिक और लकड़ी का सामान राख हो गए।


कादरचौक सीएचसी में उठ रही आग की लपटें। ● अमृत विचार

शुक्रवार सुबह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अब्दुल सलाम खान सीएचसी कादरचौक पर पहुंच गए। उन्होंने नुकसान को देखा। सीएमओ ने अस्पताल में सभी वार्ड का निरीक्षण किया। वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि आग शार्ट सर्किट से लगी होगी। उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी है और जांच करने को कहा है।

### सीएमओ को नहीं मिला मरीज

जिस समय सीएचसी पर आग लगी करीब आधा दर्जन मरीज भी भर्ती थे। आग लगने के बाद सभी मरीज निकल कर भाग गए। सीएमओ को निरीक्षण में एक भी मरीज नहीं मिला। आस पास के लोगों ने बताया कि यहां पर शाम को स्वास्थ्य कर्मचारी नहीं रहते हैं। डॉक्टर भी अक्सर गायब रहते हैं जिससे देख-रेख नहीं हो पाती है।

> सीएचसी पर आग लगने से काफी नुकसान हुआ है। स्टोर रूम में रखा सारा सामान जल गया है। तीन एलसीआर फ्रीजर और तीन बड़े फ्रीजर जल गए। इनमें कोल्ड वैक्सीन रखी जाती है। इसके अलावा फर्नीचर दवाएं पंखा, एसी, सहित अन्य सामान जल गया है। जांच करने को टीम गठित कर दी गयी है जो एक सप्ताह में रिपोर्ट देगी। पुलिस को सूचना दी गयी है। किसी स्वास्थ्य कर्मचारी की लापरवाही साबित होती है तो कार्यवाही की जाएगी।
> **-डॉ. अब्दुल सलाम खान,** सीएमओ

### चकरोड को कब्जा मुक्त कराने को डीएम को भेजा पत्र

**बिल्सी, अमृत विचार :** गांव रायपुर बुजुर्ग की ग्राम प्रधान सुषमा देवी शाक्य, प्रेमपाल, शिशुपाल, परमेश्वरी, वीरपाल, पंकज कुमार, डालचंद्र, श्योराज सिंह, धर्मेंद्र कुमार, मदनलाल, संदीप कुमार, शैलेंद्र सागर आदि ने डीएम को एक शिकायती पत्र भेजा।

पत्र में कहा कि उनके खेतों के बराबर से चकमार्ग बिल्सी बाईपास से रायपुर बुजुर्ग के खेतों की तरफ जा रहा हैं। कुछ दबंग चकरोड को काट कर उस पर दीवार लगा कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। जिस पर पूर्व में मनरेगा की मिट्टी छह मीटर चौडी पड़ी थी। लेकिन अब उक्त लोगों ने बलपूर्वक चकरोड को काट कर काफी कम कर दिया है। जिससे निकालने में काफी परेशानी होगी और आये दिन झगड़ा होंगे। उन्होने डीएम से उक्त चकरोड को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

# एडीएम एफआर हीटवेव नोडल अधिकारी नामित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **जिला पंचायत राज अधिकारी को हीटवेव सह-नोडल अधिकारी बनाया गया**

**अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी वित्त को जनपद स्तर पर हीटवेव प्रबंधन अधिकारी नामित किया गया है। जिलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जिला पंचायत राज अधिकारी को हीटवेव सह-नोडल अधिकारी तथा तहसील स्तर पर हीटवेव प्रबंधन अधिकारी उपजिलाधिकारी, एवं अधिशासी अधिकारी को हीटवेव सह नोडल अधिकारी नामित किया गया है। सह-नोडल अधिकारी हीटवेव के न्यूनीकरण व प्रबंधन हेतु उत्तरदायी होंगे।

उन्होंने बताया कि सह-नोडल अधिकारी के विभिन्न प्रमुख कार्य होंगे। जिनमें तापमान की निगरानी करना और तापमान के वृद्धि के संभावित प्रभावों का मूल्यांकन करना। जनपद को हीटवेव के खतरों के बारे में जागरूक करना।

हीटवेव से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करना, और आपातकालीन उपायों की व्यवस्था करना। जनसंचार के माध्यम से लोगों को जागरूक करना एवं पूर्व चेतावनी का प्रसार करना। जरूरतमंदों को आपातकालीन सुरक्षा और सहायता प्रदान करना। संबंधित विभागों के अधिकारियों और अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ समन्वय स्थापित करना। हीटवेव संबंधित आंकड़ों का संग्रह और रिपोटिंग करना आदि कार्यो की जिम्मेदारी रहेगी।

### हाईवे पर बाइकें भिड़ीं किसान का पैर टूटा

**बिल्सी , अमृत विचार :** बिजनौर-बदायूं हाईवे पर स्थित खैरी बस स्टैंड के निकट एक पेट्रोल पंप के सामने बृहस्पतिवार की शाम दो बाइकों में आमने-सामने से टक्कर हो गयी। जिसमें एक किसान का पैर टूट गया वह घायल हो गया है। जिसका उपचार निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है।

थाना क्षेत्र के गांव नगला जाटान निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र लल्लू सिंह गुरुवार की शाम अपनी बाइक से अपनी ससुराल रामनगर सैदपुर से वापस लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक नगर के निकट एक पेट्रोल पंप के पास पंहुची। तभी विपरीत दिशा से दूसरी बाइक पर दो लोग तेज रफ्तार के साथ आ रहे थे। दोनों बाइकों में टक्कर हो गई। सुरेंद्र सिंह की बाइक तेज रफ्तार के साथ फिसलती चली गई और उनका एक पैर टूट गया। उनका चंदौसी के एक निजी चिकित्सक के यहां इलाज चल रहा है।

# गंगा में चप्पल निकालने गए बालक की डूबने से मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **खेलते समय गंगा में बह गई थी बालक की चप्पल**

**अमृत विचार :** बालक की चप्पल गंगा में बह गई। वह चप्पल निकालने के लिए गया लेकिन डूब गया। उसे डूबता देखकर ग्रामीणों ने गंगा में छलांग लगा दी। तकरीबन दो घंटे तलाशने के बाद बालक को बाहर निकाल लाए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

गांव जटा निवासी आस मोहम्मद मजदूरी करते हैं। गांव के पास अटैना गंगा घाट है। शुक्रवार को आस मोहम्मद का बेटा करीस खान (12) अन्य बच्चों के साथ गांव के बाहर खेल रहा था। खेलते हुए बच्चे गंगा के पास पहुंच गये। इसी दौरान करीस खान की चप्पल गंगा में बहने लगी। करीस चप्पल निकालने के लिए गंगा में घुस गया। वह गहराई में चला गया और डूबने लगा। उसे गंगा में डूबता देख घाट पर मौजूद बच्चों ने शोर किया। ग्रामीण गंगा में घुसे। करीस खान की तलाश की। लगभग दो घंटे के बाद बच्चे का शव बाहर निकला। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### जान से मारने की नीयत से कार से मारी टक्कर

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली कोतवाली क्षेत्र के बुद्ध बाजार निवासी मनोज गुप्ता उर्फ लल्लन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि कस्बा बिसौली निवासी प्रणय अग्रवाल ने उन पर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। गांव हत्सा में पेट्रोल पंप के सामने उनकी जमीन है। 14 मई को देर रात वह अपनी जमीन पर थे। आरोप है कि प्रणय अग्रवाल ने जान से मारने की नीयत से उन्हें अपनी कार से टक्कर मार दी। कार में मोनू महाजन भी बैठे थे। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

**मिलेगी फाल्ट से निजात** भीषण गर्मी में लोड बढ़ने पर हो रहीं हैं केबल जलने, ट्रांसफार्मर फुंकने की घटनाएं

# बिजलीघरों का होगा विस्तार, मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहरी उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई देने को आधा दर्जन विद्युत उपकेन्द्र हैं। इन उपकेन्द्रों से शहर के अलग अलग हिस्सों में बिजली दी जाती है। गर्मी के दिनों में लोड अधिक होने से विद्युत उपकेन्द्रों पर फॉल्ट होते रहते हैं। लेकिन अब विभाग ने विद्युत उप केन्द्रों के विस्तारीकरण को शासन को प्रस्ताव भेजा है। जल्द ही प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। स्वीकृति मिल जाने पर काम शुरू कर दिया जाएगा।



शहर में पिछले कई सालों से छह विद्युत उपकेन्द्र हैं। इन्ही विद्युत उपकेन्द्रों से शहर व आसपास के क्षेत्रों को बिजली सप्लाई दी जाती है। करीब तीस साल पहले विद्युत उपकेन्द्र बनाए गए थे। तब से शहर की आबादी काफी बढ़ गई है। उपभोक्ता बढ़े हैं। इसलिए बिजली का लोड भी साल दर साल बढ़ रहा है। बिजली का लोड बढ़ने से विद्युत उपकेन्द्रों पर तकनीकी खराबी आना, ट्रांसफार्मर फुंक जाना या फिर केबल जल जाना आम बात है। विद्युत उपकेंद्र पर खराबी आ जाने से दो से तीन दिन का समय लगता है। उपभोक्ता परेशान रहते हैं। बिजली की किल्लत को लेकर धरना प्रदर्शन होते हैं। विभाग के अधिकारियों को भी परेशानी होती है। इसलिए विभाग ने सभी विद्युत उपकेन्द्रों का विस्तारीकरण करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। पिछले सप्ताह भेजे गए प्रस्ताव के जल्द स्वीकृत होने की उम्मीद जतायी जा रही है। स्वीकृति मिलने के बाद विस्तारीकरण का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

### 43 ट्रांसफार्मरों की मरम्मत

43 ट्रांसफार्मरों की मरम्मत कर दी गयी है। हाइडिल स्थित कार्यशाला में मात्र चार ट्रांसफार्मर जले हुए रखे हैं। कुछ देहात इलाकों से आए हैं जिनकी मरम्मत की जानी है। शहरी क्षेत्र के लगभग सभी ट्रांसफार्मर मरम्मत के बाद रखे गए हैं। कुछ इलाकों में केबल बदलने का कार्य जारी है। शहरी क्षेत्र की विद्युत लाइन भी कई जगर पर बदली गयी हैं।

> शहर में छह बिजलीघर हैं जो आबादी के अनुपात से कम हैं इसलिए इनका विस्तारीकरण किया जाना जरूरी है। विस्तारीकरण की स्वीकृति मिल जाने पर बिजली का लोड बढ़ा दिया जाएगा जिससे फॉल्ट कम होंगे। हर एक मशीन को डबल कर दिया जाएगा। विद्युत क्षमता बढ़ जाने से ट्रिपिंग और कटौती पर अंकुश लगेगा।
> **-संजीव कुमार,** अधिशासी अभियंता प्रथम

खून के आंसू



हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की
गलतियों से अपनी
जवानी बर्बाद
कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्खलन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306


प्राचीन धरोहरों को संरक्षित करने के लिए जिले में नहीं कोई संग्रहालय, सुरक्षा के अभाव में चोरी हो चुकी हैं तमाम प्राचीन मूर्तियां

# प्राचीन मूर्तियां और पांडुलिपियां सहेजे है तीर्थ नगरी सोरों जी

**संग्रहालय दिवस पर विशेष**

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** जिले में ऐतिहासिक खजाने की भरमार है। सुरक्षा के अभाव में तमाम प्राचीन मूर्तियां चोरी हो चुकी हैं। तीर्थ नगरी सोरों में प्राचीन मूर्तियों के अलावा सैकड़ों वर्ष पुराने ताम्रपत्र, पांडुलिपियां अभी असुरक्षित हैं।



जिले में लंबे समय से संग्रहालय की जरूरत है, लेकिन सरकारी पहल के अभाव में यह जरूरत पूरी नहीं हुई। यहां कभी किसी अफसर ने संग्रहालय के लिए कोई पहल नहीं की। जबकि यहां के साहित्यकार समय-समय पर मांग करते रहे हैं।

विरासतों और इतिहास को जानने का सबसे अच्छा माध्यम संग्रहालय होते हैं। इनमें अतीत की जानकारी मिलती है। साथ ही वर्तमान एवं भविष्य के प्रति समझ गहरी होती है। जिले में विरासतों कों संभालकर रखने के लिए कोई संग्रहालय नहीं है। जबकि यहां तमाम प्राचीन धरोहरें हैं। पौराणिक खजाने से पूरी तीर्थ नगरी भरी हुई है। संरक्षण के अभाव के चलते यहां तमाम प्राचीन धरोहरें चोरी हो गईं या लोगों ने इन्हें समाप्त कर दिया। पर्यटन विभाग ने यहां के सीता-राम मंदिर में तमाम प्राचीन धरोहरों को सूचीबद्ध किया था, लेकिन अब ये धरोहरें सिर्फ पर्यटन विभाग के कागजों में है।

तीर्थ नगरी सोरों में प्राचीन मूर्तियां, बहियां, ताम्रपत्र हैं। यदि संग्रहालय होता तो इनका ठीक से संरक्षण हो जाता। इसलिए संग्रहालय जरूरी है। – **डॉ. मनोज शर्मा**, पर्यावरण संरक्षक



एक बार नहीं, बल्कि अनेकों बार संग्रहालय की जरूरत समझी गई, लेकिन कभी भी इस जरूरत को पूरा करने के लिए सरकारी प्रयास नहीं किए गए। अनदेखी के चलते संग्रहालय नहीं बन सका। –**उमेश पाठक**, साहित्यकार



# गंदगी से उफना रहे नाले, जलभराव झेलने को रहें तैयार

## अभी तक शुरू नहीं हो पाई नालों की सफाई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** नगर पालिका प्रशासन नगर में जलभराव की समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं कर सका है। मौसम विभाग के अनुसार 31 मई तक मानसून के आने का अनुमान है। बरसात में जलभराव की समस्या लोगों को फिर से परेशान करगी। क्योंकि नगर में ड्रेनेज सिस्टम के अभाव में जरा सी बारिश में मुख्य मार्गों और गली मोहल्लों में जलभराव हो जाता है।

बारिश में पिछले कई वर्षों से हनुमान गढ़ी चौराहा, सुदामापुरी रोड, स्टेट बैंक रोड, थाना रोड सहित कई इलाकों में बारिश होने पर जलभराव हो जाता है। दुकानो एवं घरों में नालों का गंदा पानी भर जाता है। नगर पालिका प्रशासन ने अभी तक इससे निदान हेतु कोई विशेष योजना तैयार नहीं की है। केवल नाली-नालों की सफाई कराकर नगर को जलभराव से बचाने का दावा किया जा रहा है। जबकि, नालों की सफाई का कार्य अभी तक आरंभ नहीं कराया गया है। ऐसे में बारिश के मौसम में लोगों को मुसीबत झेलना तय है। खास बात यह कि नगर पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को नगर का हर वो स्पॉट पता है, जहां बारिश में जलभराव होता है। मगर इस समस्या के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों से लेकर अफसर तक कोई गंभीर नहीं है। इससे नगरवासियों को इस साल भी बारिश के मौसम में जलभराव की गंभीर समस्या झेलनी पड़ेगी।

> जलभराव रोकने के लिए अभी कोई विशेष योजना तैयार नहीं की गई है। मगर मानसून से पहले जलभराव की समस्या के समाधान के लिए नालों की सफाई सुनिश्चित की जाएगी
> –**सुनील कुमार**, अधिशासी अधिकारी

### नाले संकरे होने से और बढ़ी मुसीबत

पूर्व नगर पालिक अध्यक्ष संजीव महाजन के कार्यकाल में नालों के कायाकल्प के तहत इसके दोनों और सीसी कार्य कराया गया था। यह योजना बनाते समय न जनप्रतिनिधि ने ध्यान दिया और ना ही अधिकारियों ने इसका सही से अवलोकन किया। इससे नालों का चौड़ीकरण करने के बजाय और संकरा कर दिया गया। इससे नगर में जलभराव की समस्या कई गुना बढ़ गई है।

## निरीक्षण को निकलीं चेयरमैन को नालियों में मिली गंदगी

- नालियों में सिल्ट और कूड़ा भरा देख जताई नाराजगी, कार्रवाई की दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** नगर पालिका अध्यक्ष मीना माहेश्वरी ने शुक्रवार सुबह बस्तियों में जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्हें नालियों में सिल्ट और कूड़ा भरा मिला, जिस पर कड़ी नाराजगी जताई। इस दौरान अनुपस्थित मिले सफाई कर्मचारियों को काम छोड़ने की चेतावनी दी।

नगर पालिका अध्यक्ष मीना माहेश्वरी ने शुक्रवार सुबह सभासदों के साथ माधोपुरी, रामवली कॉलोनी, भीमनगर, अहीर पाड़ा, गली धुबियान, सिटी रोड इलाके में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

जहां उन्हें गंदगी के ढेर और नालियां सिल्ट से अटी मिलीं। इस पर पालिका अध्यक्ष ने क्षेत्र में तैनात सफाई कर्मचारियों से खासी नाराजगी व्यक्त की। सफाई व्यवस्था देखने निकलीं चेयरमैन अपने साथ सफाई नायक और कर्मचारियों को साथ लेकर चल रही थीं। उन्होंने टीम में शामिल कर्मचारियों से बस्तियों में सफाई कराई। लोगों की पालिका से संबंधित शिकायतें सुनीं और हरसंभव समाधान का भरोसा दिया।



नाली में भरी सिल्ट देखतीं चेयरमैन।

### काम पर नहीं पहुंच रहे कर्मचारियों का रुकेगा वेतन

नगर पालिका अध्यक्ष मीना माहेश्वरी ने कहा है कि जो कर्मचारी लम्बे समय से काम पर नहीं आ रहे हैं उनका वेतन नहीं दिया जाएगा। साथ ही ऐसे कर्मचारी जो अपने स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति से काम करा रहे हैं उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएंगी। पालिका में यह गलत परंपरा नहीं चलने दी जाएगी।

## तीन दिन पूर्व घर से निकले बुजुर्ग का शव मिला

**कासगंज, अमृत विचार:** तीन दिन पूर्व अलीगढ़ से लापता हुए बुजुर्ग का शव गुरुवार को कासगंज में मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के जिला अलीगढ़ थाना गंगीरी गांव नगला खार निवासी 70 वर्षीय किशोरी तीन दिन पूर्व अपने घर से बिना बताए निकल आए थे। तभी से परिवार वाले उन्हें तलाश रहे थे। गुरुवार देर शाम थाना ढोलना क्षेत्र में गांव करसरी के निकट ग्रामीणों ने एक वृद्ध का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों की सूचना पर ढोलना इंस्पेक्टर मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की। इसके बाद घटना की जानकारी मृतक के पुत्र सोनू निवासी गांव नगला खार को दी। इसके बाद सोनू ग्रामीणों के साथ मौके पर जा पहुंचे। सोनू के मुताबिक उसके पिता मानसिक रूप से अस्वस्थ थे। वह तीन दिन पूर्व घर से बिना बताए निकल आए थे। इंस्पेक्टर अजय वीर सिंह का कहना है कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट होगा। फिलहाल परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।



मृतक किशोरी

# बीमारियां रोकने को सफाई व्यवस्था ठीक रखें

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** डीएम सुधा वर्मा ने शुक्रवार को आयोजित बैठक में निर्देश दिया कि संचारी रोग नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्था बनाई जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई के बेहतर इंतजाम किए जाए। साप्ताहिक बंदी के दिन शहरी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर फॉगिंग कराई।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से करें। संचारी व दस्तक रोगों के लक्षण, बचाव से संबंधित पंपलेट्स सरकारी भवनों में चस्पा करने के साथ आम लोगों को जागरुक किया जाए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पंचायत भवन, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री को ओआरएस की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराने को कहा। डीएम ने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। साप्ताहिक बंदी के दौरान स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का विशेष कार्य किया जाए। नगर पंचायत एवं नगर पालिका तालाबों, नालों व नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग कराएं। ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए तालाबों-नालों व नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए।





कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक में डीएम सुधा वर्मा, सीडीओ सचिन व अन्य अधिकारी।

- **शहरी क्षेत्र में साप्ताहिक बंदी के दौरान कराई जाए फॉगिंग**

## जहरखुरानों ने नशा देकर सिक्योरिटी कंपनी के हवलदार को लूटा

**कासगंज, अमृत विचार:** सिढ़पुरा थाना क्षेत्र के गांव हमीरपुर निवासी सुखपाल सिंह महाराष्ट्र गार्ड रेजीडेंस सेंटर में हवलदार है। लगभग दो माह पूर्व वह अवकाश पर अपने गांव आए थे। छुट्टी समाप्त होने के बाद गुरुवार को वह तैनाती स्थल के लिए जा रहे थे। वह अपने गांव से सिढ़पुरा के लिए टेंपो में सवार हुए। टेंपो में जहरखुरानों ने सुखपाल को नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया। उनके बेहोश होने पर नगदी और आवश्यक दस्तावेज से भरा बैग लूटने के बाद सुखपाल को रास्ते में फेंककर फरार हो गए। हवलदार को बेहोशी की हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार होने पर छुट्टी दे दी गई। हवलदार ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध सिढपुरा थाने में तहरीर दी गई है।

## एसीएमओ ने अवैध रूप से संचालित दो क्लीनिक सील किए

**सोरों जी, अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुक्रवार को अवैध क्लीनिक के खिलाफ अभियान चलाया। शुक्रवार को एसीएमओ एके सिंह ने सोरों क्षेत्र में अवैध क्लीनिक संचालकों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव नगरियां में एक क्लीनिक सील किया गया है। इसके अलावा दो क्लीनिक संचालक को नोटिस दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग इस कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा।

# एसई पर सोफा, एसी और बेड मांगने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **वीडियो वायरल, शिकायत पर प्रबंध निदेशक ने बैठाई जांच, दो सदस्यीय टीम गठित**

**अमृत विचार:** कासगंज बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता पर लोगों से एसी, सोफा और बेड आदि मांगने का आरोप है। उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की गई थी। आरोप अवर अभियंताओं की ओर से लगाए गए हैं। इस पर दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने इस मामले में दो सदस्यीय टीम गठित कर जांच बैठा दी है।

अधीक्षण अभियंता के खिलाफ शिकायत आरसी द्विवेदी ने की है। जांच कमेटी में मुख्य अभियंता अरविंद कुमार एवं आगरा के अधीक्षण अभियंता किशोर कुमार शामिल है। साथ ही अवर अभियंताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई है। अधीक्षण अभियंता के विरुद्ध एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं।

> कासगंज जिले के अवर अभियंताओं द्वारा एक षड्यंत्र रचा गया। इसी के तहत मेरी शिकायत की गई। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक उपभोक्ताओं को जेई परेशान करते हैं। जब मैंने उन पर शिकंजा कसा तो वे मेरे विरुद्ध शिकायत करने लगे। मैं अपनी जगह बिल्कुल सही हूं, और अपना पक्ष प्रबंध निदेशक के सामने रखूंगा।
> – **मनोज कुमार**, अधीक्षण अभियंता विद्युत

**साधु संत को गालियां देने का आरोप :** मथुरा के एक वरिष्ठ नागरिक ने अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार की शिकायत उच्च अधिकारियों से की है। उन्होंने लिखा है की ये गालियां देते हैं और हर किसी को परेशान करते हैं। प्रेमानंद महाराज जी के बारे में भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया और मथुरा के लोगों के लिए भी गलत भाषा का प्रयोग करते हैं। इस शिकायत के बाद भी मामले में जांच शुरू हो गई है।

# सीता जयंती पर धार्मिक अनुष्ठान आयोजित

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** शहर के मानस मंदिर में शुक्रवार को विश्व हिंदू महासंघ मातृ शक्ति की ओर से सीता जयंती मनाई गई। मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान किए गए। महिलाओं ने सीता की महिमा का गुणगान किया।

विश्व हिंदू महासंघ मातृ शक्ति के कार्यकर्ताओं का शुक्रवार सुबह से ही मानस मंदिर पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया था। महिलाओं ने माता जानकी का पूजन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कुमारी प्रतिज्ञा ने कहा कि माता सीता की पूजा से लक्ष्मी जी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार बैसाख मास शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को इसी दिन धरती से माता सीता प्रकट हुई थीं। कार्यक्रम के समापन पर श्रीराम व सीता जी की आरती उतारी ओर प्रसाद वितरण किया।



शहर के मानस मंदिर में सीता जयंती मनातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**कासगंज:** शहर के मालगोदाम रोड़ पर शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार बाइक चालक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार 19 वर्षीय अनूप पुत्र नरोत्तम निवासी मुहल्ला मोहन घायल हो गया। जानकारी पर पहुंचे परिजन घायल को निजी अस्पताल ले गए। जहां से उसे रेफर किया गया है। परिजनों के मुताबिक अनूप के सिर पर गंभीर चोट आई है। मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं की गई है।

## सार-संक्षेप

### एसडीएम ने बालू ले जा रहे चार ट्रैक्टर-ट्राली पकड़े

**गंजडुंडवारा।** पटियाली क्षेत्र में अवैध खनन जारी है। माफिया रात में गंगा की कोख खाली कर रहे हैं। पटियाली एसडीएम ने अवैध खनन करके बालू से भरे चार ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिए। एसडीएम कुलदीप सिंह ने बताया कि कादरगंज-गंजडुंडवारा मार्ग पर अवैध खनन की सूचना पर घेराबंदी कर ट्रैक्टर-ट्राली को रुकने का इशारा किया गया था। इससे चालक ट्रैक्ट्रर छोड़कर वहां से फरार हो गया। उसके पीछे आ रहे अन्य ट्रैक्टरों के चालक भी मौके से भाग गए। ट्रालियों में बालू भरी थी। इस पर ट्रैक्टर ट्रॉलियों को कब्जे में लेकर कोतवाली गंजडुंडवारा भिजवा दिया गया। आख्या अपर जिलाधिकारी के यहां भेजी गई है। एसडीएम कुलदीप सिंह का कहना है कि अवैध रूप से बालू का खनन नहीं होने दिया जाएगा।



### छात्रा को घर ले जाकर आरोपी ने किया दुष्कर्म

**कासगंज।** शहर में रहने वाली नाबालिग छात्रा को एक युवक बहला फुसलाकर अपने घर ले गया। जहां उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से अश्लील फोटो खींच लिए। इसके बाद अश्लील फोटो इंस्टाग्राम अन्य सोशल मीडिया साइट पर वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। छात्रा शहर के कन्या इंटर कॉलेज में कक्षा नौ में पढ़ती है। आरोप है कि शहर के गड्ढा मोहल्ला निवासी रोहित छात्रा को बहला- फुसलाकर अपने घर ले गया। जहां आरोपी ने धमकाकर छात्रा के साथ दुष्कर्म किया और अश्लील फोटो खींच लिए। इसके बाद अश्लील फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिए। आरोपी ने छात्रा और उसके परिजनों को जान से मारने तथा अन्य सोशल साइट पर वायरल करने की धमकी दी है। इस पर छात्रा के पिता ने आरोपी के विरुद्ध सदर कोतवाली में एफआईआर दर्ज करा दी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सदर कोतवाली इंस्पेक्टर रामवकील ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

### वकील से लूट के मामले में दो पर नामजद रिपोर्ट दर्ज

**कासगंज।** अधिवक्ता के साथ हुई लूट के मामले में एक नामजद सहित दो के विरुद्ध थाना ढोलना में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। घटना को लेकर कासगंज बार एसोसिएशन ने आक्रोश जताते हुए सीओ को ज्ञापन दिया था। सीओ के हस्तक्षेप के बाद मामला दर्ज हुआ है। जिला न्यायालय के अधिवक्ता किनावा निवासी लालू प्रसाद यादव बीती 14 मई को बाइक द्वारा अपने गांव किनावा जा रहे थे, तभी ढोलना किनावा के मध्य बंबा की पुलिया के समीप गांव बढ़वारी निवासी बीटू ने अपने साथियों के साथ बाइक को आगे बाइक लगाकर रोक दिया और तमंचा दिखाकर जेब में रखी 4500 रूपये की नगदी और गले में पहने हुए सोने की चैन लूट ली थी। अधिवक्ता से हुई लूट के बाद कासगंज बार एसोसिएशन ने घटना पर आक्रोश जताते हुएआरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए सीओ अजीत सिंह चौहान से मुलाकात की और प्रार्थना पत्र दिया था। सीओ के हस्तक्षेप के बाद नामजद आरोपी बीटू सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह का कहना है कि मामले में अधिवक्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच और आरोपियों की तलाश कर रही है।

### दयानंद सरस्वती की जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**कासगंज।** सोरों विकास खंड के गांव प्रहलादपुर स्थित वैदिक आश्रम पर आर्यवीर दल द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम महाऋषि दयानंद सरस्वती की जयंती पर होंगे। यह जानकारी आर्य समाज के सुकांत गुप्ता ने दी है। उन्होने बताया 18 से 20 मई तक धार्मिक कार्यक्रम होंगे। उन्होने आर्य समाजियों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

### प्राचीन चंडी देवी माता मंदिर में मेला आरंभ

**कासगंज।** पटियाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरदोली में प्राचीन चंडी देवी माता के मंदिर में मेले आयोजन किया जा रहा है। पटियाली एसडीएम कुलदीप सिंह व थानाध्यक्ष सिकन्दरपुर वैश्य बृजपाल सिंह ने गुरुवार को फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। कमेटी की तरफ से अतिथियों का फूलमाला पहनाकर व तस्वीर देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुन्नालाल सिंह, जशवीर मास्टर, सुकेश सिंह, पंडित ललित कुमार मिश्रा, सुभाष तोमर, अवनीश गुप्ता, दीपक पाठक, रामोतार गौतम डीलर, छन्नू गुप्ता, अतुल सिंह, रिंकू सिंह, ओमकार शाक्य, अतुल राजपूत आदि मौजूद रहे।

